RAF SECTOR

NEWS CLIP

28/11/18

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

I Next (Prayagraj,UP)

PRAYAGRAJ (26 Nov):101 आरएएफ वाहिनी कैम्पस फाफामऊ में संविधान दिवस मनाया गया. इसमें उप. कमांडेंट राजेन्द्र चोपड़ा ने भारतीय संविधान के बारे में जवानों को जानकारी दी और इसका अनुसरण करने की वचनबद्धता जाहिर की. कहा कि इसी के आधार पर देश की दिशा व दशा तय होती है व मजबूत राष्ट्र का निर्माण होता है.

वाहिनी के कमांडेंट राजकुमार निगम के मार्गदर्शन में संविधान की प्रस्तावना पढ़कर सुनाया गया तथा संविधान की संक्षिप्त व्याख्या की और उसकी विशेषता को बताया गया. कार्यक्रम में सहा. कमांडेंट सुधेन्द्र सिंह, चन्दन कुमार सहित सभी अधीनस्थ अधिकारी एवं कार्मिकों ने हिस्सा लिया.

Dainik Jagran (Prayagraj,UP)

संविधान से तय होती है देश की दिशा, दशा

जासं, प्रयागराज : किसी भी देश के संविधान की प्रस्तावना उसकी आत्मा होती है। इसी के आधार पर देश की दिशा और दशा तय होती है। साथ ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण होता है। ये बातें सोमवार को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में शांतिपुरम फाफामऊ स्थित 101 आरएएफ वाहिनी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उप कमांडेंट राजेंदर चोपड़ा ने कही। उन्होंने जवानों को भारतीय संविधान के बारे में विस्तार से बताया और इसका अनुसरण करने की वचनबद्धता दोहराई। कमांडेंट राजकुमार निगम की मौजूदगी में उप कमांडेंट ने जवानों को संविधान की विशेषताएं भी बताई। कार्यक्रम में वाहिनी के सहायक कमांडेंट सुधेंद्र सिंह, चंदन कुमार समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए।

Photos of Deployment/ Fam-Ex of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।